वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2020-21

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल तथा भूमि प्रबंधन संस्थान
NORTH EASTERN REGIONAL INSTITUTE OF WATER AND LAND MANAGEMENT

An Institute under the
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
Department of Water Resources, River Development & Ganga Rejuvenation
जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Jal Shakti, Government of India
के अधीन संस्थान
(सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत)
(Registered under the Societies Registration Act, 1860)

डोलाबारी, तेज़पुर - 784 027, भारत

DOLABARI, TEZPUR – 784027, INDIA

Website: www.neriwalm.gov.in

वार्षिक रिपोर्ट
2020-21

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल तथा भूमि प्रबंधन संस्थान

(नेरीवालम)

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग,
जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
के अधीन संस्थान
(सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत)
डोलाबारी, तेज़पुर - 784 027, भारत

कार्यकारी सार

कार्यकारी सार, वर्ष 2020-21 के लिए संस्थान के परिणामों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है। वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 संस्थान द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण, अनुसंधान और परामर्श, आउटरीच गतिविधि, शैक्षणिक पाठ्यक्रम, बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण बैठकों, लेखाओं और कर्मचारियों के मानव संसाधन विकास जैसी गतिविधियों और अन्य कार्यक्रमों का सिंहावलोकन प्रदान करती है। संस्थान की स्थापना के लिए पृष्ठभूमि को समझने हेतु नेरिवालम के उद्देश्यों, दृष्टि, मिशन और ध्यान दिए गए क्षेत्र एवं संगठनात्मक ढांचे के बारे में एक संक्षिप्त जानकारी भी प्रस्तुत की गई है। ये सभी गतिविधियाँ संस्थान में उपलब्ध सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और उपकरणों के साथ कार्य निष्पादन के लिए सुसज्जित हैं। रिपोर्ट में विभिन्न बुनियादी ढांचे के बारे में भी उल्लेख किया गया है जो इस वर्ष और साथ ही पिछले वर्षों में परिसर में विकसित किए गए हैं भी हैं।

संस्थान, नेरिवालम के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में सूचीबद्ध सभी उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करता है। संस्थान द्वारा कार्य करने की रुप रेखा समय-समय पर तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक, कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक और शासी निकाय (जीबी) की बैठक से प्राप्त निर्णयों के आधार पर बनती है।

मानव संसाधन विकास एवं क्षमता निर्माण क्षेत्र में कुल 62 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें 01 प्रायोजित कार्यशाला भी शामिल है। हालांकि संस्थान के पास स्वीकृत एसएफसी लक्ष्य के अनुसार 65 प्रशिक्षण आयोजित करने का लक्ष्य था, लेकिन यह कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुआ था। यह उपलब्धि, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की लक्षित संख्या का 95% थी। महामारी के कारण प्रशिक्षण के तरीके को संशोधित करते हुए ऑनलाइन और फिजिकल मोड दोनों में प्रशिक्षण दिया गया था। इससे 1950 की लक्षित संख्या की तुलना में अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। संस्थान द्वारा संचालित 62 प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कुल 2699 व्यक्ति लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों की उपलब्धि लक्षित प्रतिभागियों के प्रतिशत की तुलना में 38% अधिक थी। इसमें से 18 प्रशिक्षण कार्यक्रम सिंचाई विभाग और कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित किए गए।

मानव संसाधन विकास के हिस्से के रूप में नेरिवालम के कई कर्मचारी 2020-21 के दौरान प्रतिष्टित संगठनों द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण और वेबिनार में भाग ले सके। विश्वविद्यालयों की बढ़ती मांगों के कारण, संस्थान, नेरिवालम में स्व-वित्तपोषित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और 2020-21 के दौरान इस तरह के

07 प्रशिक्षण आयोजित किए गए थे। संस्थान की मृदा और जल प्रयोगशाला का उन्नयन किया गया और इसे क्रियाशील बनाया गया। अन्य संबंधित संगठनों के साथ संस्थागत जुड़ाव, नेरिवालम की तकनीकी गतिविधियों को सक्रिय बनाने के लिए ढांचागत सुविधाओं और अपेक्षित व्यक्तियों से लाभ उठाने में सहायता करता है।

कार्य अनुसंधान और परामर्शी परियोजनाओं के संबंध में, संस्थान ने क्रमशः असम और मेघालय के लिए सिंचाई परियोजनाओं (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) और पीएमकेएसवाई-एचएचके का समवर्ती मूल्यांकन, झारखंड राज्य के लिए अर्ध विस्तृत मृदा सर्वेक्षण और सिंचाई योजना, असम के लिए सिंचाई जल परीक्षण, अरुणाचल प्रदेश राज्य के लिए बेहतर बेसिन आयोजना हेतु पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बेहतर जल प्रबंधन और असम तथा मणिपुर में डब्ल्यूयूए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आधारभूत अध्ययन किया। संस्थान ने भारत के 19 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के जल क्षेत्र के लिए राज्य विशिष्ट कार्य योजना तैयार करने हेतु नोडल एजेंसी के रूप में एनडब्ल्यूएम के साथ भी समन्वय किया।

"स्वच्छ भारत" के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में, नेरिवालम ने कार्यालय परिसर और कैंपस में सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियमित रूप से अंकुश लगाया और प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किया, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अभियान चलाया और अपने कार्यालय परिसर और बाजारों में सफाई अभियान चलाया। "विश्व जल दिवस" के अवसर पर जल के महत्व पर संदेश साझा किया गया। संस्थान द्वारा "सतर्कता सप्ताह" और "संविधान दिवस" भी मनाया गया। महिलाओं के योगदान को स्वीकार करते हुए, संस्थान द्वारा समाज के सभी वर्गों में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया था।

नेरिवालम को अद्यतन ई-ऑफिस से लैस करने के लिए एनआईसी और संबद्ध संगठनों से सक्रिय रूप से परामर्श किया जा रहा है। जल प्रबंधन के मुद्दों पर विभिन्न स्थानों पर गहन विचार मंथन, जागरूकता शिविर, प्रदर्शनी और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए और सिविल सोसाइटी, तकनीक- विशेषज्ञ और किसानों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण जल मुद्दों पर भी चर्चा की गई। ये सभी कार्यकलाप जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निरंतर प्रोत्साहन, समर्थन, मार्गदर्शन और निगरानी से संभव हो पाए हैं।

	वर्ष 2020-21 के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ
प्रशासनिक और वित्तीय	1. अधिकांश पदों के लिए संशोधित भर्ती नियम स्वीकृत किए गए।
	2. सभी रिक्त पदों को विज्ञापित किया गया, प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई की गई और नियुक्ति पर विचार के लिए मंत्रालय के समक्ष रखा गया।
	3. कर्मचारियों के लिए एमएसीपी प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई।
	4. वेतन घटक के लिए गैर योजना शीर्ष को कार्यात्मक बनाया गया है।
	5. नेरिवालम के पुनर्गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया
	6. नेरिवालम के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया और मंत्रालय को प्रस्तुत किया
	7. सलाहकारों और युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए और मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए।
	8. पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए ई-ऑफिस की शुरुआत
संस्थान भवन	9. प्रयोगशाला का उन्नयन एवं नई आरसीसी प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है
	10. माननीय सचिव, जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 250 व्यक्तियों की पूर्ण क्षमता वाले सभागार का उद्घाटन।
	11. अनुसंधान फार्म का उन्नयन
	12. दो वाहनों की खरीद
	13. वाटर एटीएम का उन्नयन
	14. महिला छात्रावास के निर्माण की शुरुआत
	15. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की स्थापना
तकनीकी गतिविधि	16. प्रदर्शन और प्रशिक्षण के लिए सिंचाई और कृषि विभागों के साथ मेल एवं अन्य संगठनों के साथ सहयोग
	17. प्रतिष्ठित संस्थाओं से कर्मचारियों को ऑन लाइन मोड पर प्रशिक्षण
	18. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के 95 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति एवं 135 प्रतिशत प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया
	19. बेहतर बेसिन आयोजना के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में अच्छे जल प्रबंधन प्रथाओं के लिए नई परामर्शी परियोजना
	20. ऑनलाइन स्ववित्तपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम
	21. इंटर्नशिप के लिए दिशानिर्देश और इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत
	22. पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी 8 राज्यों में कार्यक्रमों का आयोजन
	23. एम.टेक. के संबंध में अकादमिक कार्यक्रम की निरंतरता
	24. एम.टेक के इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए अन्य संगठनों के साथ संबद्धता

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	कार्यकारी सार	I
	वर्ष 2020-21 के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ	III
1	**नेरिवालम का सिंहावलोकन**	**1-8**
	प्रस्तावना	1
	विजन	2
	मिशन	2
	नेरिवालम के उद्देश्य	2
	तकनीकी सेवाओं के व्यापक क्षेत्र	4
	ध्यान दिए जाने वाले प्रमुख क्षेत्र	4
	संगठनात्मक प्रबंधन	4
	शासी निकाय	5
	कार्यकारी परिषद	5
	तकनीकी सलाहकार समिति	6
	उपलब्धियों की समीक्षा की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद की उप समिति की बैठक	7
2	**अवसंरचनात्मक सुविधाएँ**	**9-15**
	प्रस्तावना	9
	प्रशिक्षु छात्रावास	9
	कक्षा	9
	मृदा और जल परीक्षण प्रयोगशाला	10
	कम्प्यूटेशनल प्रयोगशाला	10

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	कृषि मौसम विज्ञान केन्द्र	11
	सिंचाई प्रयोगशाला	11
	अनुसंधान फार्म	11
	पुस्तकालय	12
	गेस्ट हाउस	12
	सम्मेलन कक्ष	12
	सभागार	12
	जल शोधन संयंत्र और जल एटीएम	12
3	**नेरिवालम की महत्वपूर्ण बैठकें**	**16 - 18**
	शासी निकाय की बैठक	16
	कार्यकारी परिषद की बैठक	16
4	**वर्ष 2020-21 के दौरान तकनीकी गतिविधियों की उपलब्धि**	**19 - 46**
	प्रशिक्षण/कार्यशालाएं	19
	प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन	19
	प्रशिक्षण कार्यक्रम	20
	प्रशिक्षण कार्यक्रम और लक्ष्य समूह	21
	प्रशिक्षण में वर्ग-वार कवरेज	24
	राज्य-वार भागीदारी	25
	स्व-वित्तपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम	26
	प्रायोजित प्रशिक्षण/ कार्यशाला	28
	सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम	29
	अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) गतिविधियां	35

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	पूर्वोत्तर क्षेत्र की सिंचाई परियोजनाओं की डब्ल्यूयूए के आधारभूत अध्ययन के लिए अनुसंधान एवं विकास परियोजना	35
	राष्ट्रीय जल मिशन के जल क्षेत्र के लिए एसएसएपी तैयार करने के लिए नेरिवालम नोडल एजेंसी के रूप में	37
	सिंचाई परियोजनाओं का अर्ध-विस्तृत मृदा सर्वेक्षण और सिंचाई आयोजना	40
	ग्रामीण अवसंरचना विकास	42
	असम में पीएमकेएसवाई - एआईबीपी सिंचाई परियोजना का समवर्ती मूल्यांकन	42
	बीटीसी क्षेत्र, असम में सिंचाई परियोजना पीएमकेएसवाई-एआईबीपी का समवर्ती मूल्यांकन	43
	मेघालय में सिंचाई परियोजना पीएमकेएसवाई-एचकेकेपी का समवर्ती मूल्यांकन	43
	असम की धनसिरी सिंचाई परियोजनाओं के लिए समवर्ती मूल्यांकन	44
	बेहतर बेसिन आयोजना के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में अच्छे जल प्रबंधन अभ्यास	44
5	**शैक्षणिक पाठ्यक्रम**	**47 - 49**
6	**सहयोगात्मक कार्यक्रम और संबंध**	**50 - 53**
	सहयोगात्मक कार्यक्रम	50
	अन्य संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन	51
	अन्य संस्थानों के साथ संबंध	52
7	**नेरिवालम द्वारा आयोजित कार्यक्रम**	**54 - 59**
	अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस	54
	स्वच्छता पखवाड़ा	55
	सतर्कता सप्ताह	55
	संविधान दिवस	57
	विश्व जल दिवस	57

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	गांधी जयंती	58
	सद्भावना दिवस	59
8	**लेखाओं और कर्मचारियों की सूचना**	**60 - 61**
	प्रकाशन	60
	लेखा	60
	कर्मचारी	61

अनुलग्नक

क्र.सं.	अनुलग्नक	पृष्ठ संख्या
1	नेरिवालम के शासी निकाय की संरचना	62
2	नेरिवालम की कार्यकारी परिषद की संरचना	64
3	नेरिवालम की तकनीकी सलाहकार समिति की संरचना	66
4	नेरिवालम द्वारा 2020-21 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण/कार्यशाला की सूची	67
5	नेरिवालम की बैलेंस शीट (2019- 20)	74
6	नेरिवालम के कर्मचारियों की सूची, 2020-21	78
7	नेरिवालम के कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण/कार्यशाला/सेमिनार में प्रतिभागिता (2020-21)	80

तालिका सूची

क्र.सं.	तालिका	पृष्ठ संख्या
1	वर्ष 2020-2021 के दौरान लक्षित समूहों के लिए आयोजित कार्यक्रम और प्रतिभागियों की संख्या और प्रतिशत	21
2	प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लैंगिक भागीदारी	23
3	वर्ग-वार प्रतिभागी	24
4	प्रशिक्षण में राज्यवार प्रतिभागी, 2020-2021	25
5	2020-2021 के दौरान नेरिवालम द्वारा चलाए गए प्रायोजित प्रशिक्षण / कार्यशाला	28
6	नेरिवालम 2020-21 द्वारा आयोजित सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम	29
7	एसएसएपी के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी राशि	38
8	एसएसएपी के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की वास्तविक प्रगति	40
9	दिनांक 31.03.2021 को कर्मचारियों की श्रेणी	61

चित्र सूची

क्र.सं.	चित्र	पृष्ठ संख्या
1.1	डॉ.ए.सी.देवनाथ, अध्यक्ष टीएसी और निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम टीएसी की 5वीं बैठक को संबोधित करते हुए	7
1.2	सम्मेलन हॉल में वर्चुअल 5वीं टीएसी बैठक में भाग लेने वाले संकायों का एक दृश्य	7
2.1	नेरिवालम का प्रशिक्षु छात्रावास	13
2.2	नेरिवालम के कक्षा कक्ष का दृश्य	13

क्र.सं.	चित्र	पृष्ठ संख्या
2.3	जल परीक्षण प्रयोगशाला का दृश्य	13
2.4	नेरिवालम की कम्प्यूटेशनल प्रयोगशाला	13
2.5	नेरिवालम का मौसम विज्ञान स्टेशन	13
2.6	नेरिवालम का अनुसंधान फार्म	13
2.7	नेरिवालम के पुस्तकालय का दृश्य	14
2.8	नेरिवालम का असम टाइप गेस्ट हाउस	14
2.9	नेरिवालम का सम्मेलन कक्ष	14
2.10	नेरिवालम के संकाय ब्लॉक का दृश्य	14
2.11	नेरिवालम के सभागार का दृश्य	14
2.12	जल शोधन संयंत्र	14
2.13	वाटर एटीएम	15
2.14	निर्माणाधीन नया प्रयोगशाला भवन	15
2.15	सिंचाई प्रयोगशाला	15
2.16	प्रशासनिक भवन के छत पर सौर पैनल	15
4.1	लक्ष्य के अनुसार कार्यक्रम की संख्या	22
4.2	लक्ष्य समूह के प्रतिभागियों की संख्या	22
4.3	वर्ष 2017 से 2021 तक लैंगिक भागीदारी का तुलनात्मक ग्राफ	23
4.4	वर्ष 2017 - 2021 के दौरान प्रशिक्षण में भाग लेने वालों की वर्ग-वार कवरेज का प्रतिशत	25
4.5	डॉ. ए.सी. देबनाथ, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) नेरिवालम और श्री गामो कामकी, उप मुख्य अभियंता, ब्रह्मपुत्र बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	28

क्र.सं.	चित्र	पृष्ठ संख्या
7.1	डॉ. प्रदीप के. बोरा, निदेशक, नेरिवालम 8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए	54
7.2	अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक दृश्य	54
7.3	नेरिवालम के कर्मचारी बाजार क्षेत्र में पेम्फलेट बांटते हुए और परिसर में स्वच्छता अभियान	55
7.4	कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नेरिवालम के कर्मचारियों द्वारा शपथ लेने का एक दृश्य	56
7.5	डॉ. ए.सी. देबनाथ, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम 27 अक्टूबर, 2020 को कॉन्फ्रेंस हॉल, नेरिवालम में ई-शपथ लेते हुए	56
7.6	सतर्कता सप्ताह के दौरान बैनरों का प्रदर्शन	56
7.7	माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तावना का वाचन	57
7.8	26 नवंबर, 2020 को आयोजित "संवैधानिक मूल्यों" पर वेबिनार	57
7.9	विश्व जल दिवस पर शपथ लेते हुए कर्मचारी	58
7.10	विश्व जल दिवस पर 22 मार्च, 2021 को आयोजित वेबिनार	58
7.11	2 अक्टूबर, 2020 को महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पण	59
7.12	20 अगस्त, 2020 को सद्भावना दिवस के अवसर पर कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण का दृश्य	59

1. नेरिवालम का सिंहावलोकन

1.1 प्रस्तावना

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल तथा भूमि प्रबंधन संस्थान (नेरिवालम) की स्थापना दिसंबर, 1989 में नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल (एनईसी) द्वारा तेजपुर, असम में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 का XXI के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी। एनईसी तब गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में था। संस्थान को 2012 में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को स्थानांतरित किया गया है।

संस्थान का दायित्व भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के जल और भूमि संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए विभिन्न सरकारी विभागों जैसे सिंचाई / जल संसाधन, कृषि, बागवानी, मृदा और जल संरक्षण, ग्रामीण विकास, आदि, जल प्रयोक्ता संघों (डब्ल्यूयूए), किसानों और गैर सरकारी संगठनों में कार्यरत पेशेवरों का क्षमता निर्माण और उनके कौशल मेंवृद्धि करना है। समावेशी क्षमता निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करता है। संस्थान तकनीकी जनशक्ति तैयार करने और खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्ञान को लागू करने और प्रसारित करने हेतु पूर्वोत्तर क्षेत्र के बीई/बी.टेक छात्रों के लिए औद्योगिक/इन-प्लांट प्रशिक्षण भी प्रदान करता है । भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठ राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा, संस्थान भारत के अन्य राज्यों के साथ ही पड़ोसी देश भूटान के लिए भी अपनी सेवा और विशेषज्ञता का विस्तार कर रहा है। ।

अपने शीर्ष प्रबंधन निकाय, शासी निकाय के अनुमोदन से, संस्थान ने वर्ष 2019-20 से जल संसाधन प्रबंधन में एम.टेक की डिग्री देते हुए अपना शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किया। यह अकादमिक कार्यक्रम असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जो असम का एक राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय है, से संबद्ध है और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा भी अनुमोदित है। शैक्षणिक कार्यक्रम में कुल दाखिला क्षमता 18 है, जिसमें से 9 सीटें विभिन्न विभागों के प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित हैं।

संस्थान विभिन्न हितधारकों के लिए अनुसंधान परियोजनाओं को कार्यान्वित करने, जल संसाधन प्रबंधन के विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं में प्रयोग करने और परामर्श सेवाओं के विस्तार, सिंचाई परियोजनाओं में दक्ष जल उपयोग, कृषि और बागवानी विकास, मृदा और जल संरक्षण, जल गुणवत्ता और सामाजिक मानदंडों के रूप में प्रौद्योगिकीय सहायता का केंद्र बन गया है। नेरिवालम ने राष्ट्रीय जल मिशन की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर इसके लक्ष्यों को पूरा करने की भी परिकल्पना की है। यह राष्ट्रीय सद्भाव और अखंडता और स्वच्छता अभियान जैसे 'स्वच्छता पखवाड़ा', 'राष्ट्रीय संविधान दिवस', 'सतर्कता सप्ताह', "विश्व जल दिवस" 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस', आदि के लिए जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों में भी सक्रिय रुप से भाग लेता है। ।

1.2 **विजन**

यह क्षमता निर्माण, शिक्षा और अनुसंधान, जल-भूमि प्रबंधन और पर्यावरण-पुनर्स्थापन के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) है जो क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी और समान रूप से मानव जाति और पर्यावरण के हित में सेवा प्रदान करता है।

1.3 मिशन

लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए जल और भूमि के सतत प्रबंधन के संबंध में मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण।

1.4 नेरिवालम के उद्देश्य

मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिभाषित संस्थान के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

क. विज्ञान की उन्नति को बढ़ावा देने और वैज्ञानिक ज्ञान के अधिग्रहण के लिए विज्ञान की सभी शाखाओं, सैद्धांतिक और व्यावहारिक, और सिंचाई एवं कृषि के लिए जल और भूमि प्रबंधन में निर्देश / और प्रशिक्षण प्रदान करना।

ख. कृषकों, जल प्रयोक्ता संघों के सदस्यों को निर्देश एवं प्रशिक्षण देने तथा सिंचाई एवं कृषि के लिए जल एवं भूमि प्रबंधन में अनुसंधान करने के लिए एक संस्थान की स्थापना करना।

ग. सिंचाई और कृषि के लिए जल और भूमि प्रबंधन में पाठ्यक्रम निर्धारित करना और परीक्षा आयोजित करना तथा प्रमाण पत्र, डिप्लोमा आदि प्रदान करना।

घ. उल्लिखित संस्थान को भारत और विदेश दोनों में विश्वविद्यालयों और अन्य उपयुक्त शैक्षणिक निकायों के साथ संबद्धता प्राप्त करना और उल्लिखित संस्थान में आयोजित उक्त पाठ्यक्रमों के लिए और संस्थान द्वारा आयोजित उल्लिखित परीक्षाओं और डिप्लोमा प्रमाण पत्र आदि के लिए मान्यता प्राप्त करना ।

ङ. सिंचाई और कृषि के लिए जल और भूमि प्रबंधन में सरकार, स्थानीय निकायों और अन्य संगठनों को परामर्श सेवा प्रदान करना।

च. जल और भूमि प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान और प्रयोग करना तथा अनुसंधान और विकास के लिए अन्य संगठनों के साथ सहयोग करना।

छ. सिंचाई और कृषि के लिए जल और भूमि प्रबंधन में विशेष प्रशिक्षण हेतु देश और विदेश में लोगों को भेजना, व्यक्तियों में उक्त संस्थान के कर्मचारी-सदस्य शामिल होते हैं और इस तरह के प्रशिक्षण का वेतन और लागत वहन करना।

ज. किसानों या जल प्रयोक्ता संघों (डब्ल्यूए) के सदस्यों और पदाधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण जैसी आउटरीच गतिविधियों को आयोजित करना ताकि उनकी तकनीकी और प्रबंधकीय क्षमताओं को बढ़ाया जा सके और उनके अधिकार क्षेत्र में जल वितरण नेटवर्क के विकास और प्रबंधन में उनकी सक्रिय और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

झ. भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ बेहतर समन्वय की सुविधा के लिए और भूमि और जल प्रबंधन से संबंधित आउटरीच गतिविधियों का समर्थन करने के लिए प्रमुख स्थानों पर फील्ड केंद्र स्थापित करना।

ञ. जमीनी स्तर पर आउटरीच गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की दृष्टि से गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/निजी भागीदारों (पीपी) के साथ नेटवर्क बनाना।

ट. सोसाइटी के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए वांछनीय मानी जाने वाली किसी भी पत्रिका, पत्रिकाएं, समाचार पत्र, किताबें, पैम्फलेट या पोस्टर को शुरू करना, संचालित करना, प्रिंट करना, प्रकाशित करना और प्रदर्शित करना।

ठ. सोसाइटी की निधि का निवेश और देखरेख करना।

1.5 तकनीकी सेवाओं के व्यापक क्षेत्र

संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी सेवाओं के व्यापक क्षेत्र इस प्रकार हैं:

- सेवारत कर्मियों को प्रशिक्षण
- किसानों और जल प्रयोक्ता संघों के सदस्यों को प्रशिक्षण
- गैर सरकारी संगठनों को प्रशिक्षण
- छात्रों को प्रशिक्षण
- भूमि और जल संसाधन प्रबंधन पर संगोष्ठी, कार्यशाला, सम्मेलन का आयोजन
- फील्ड अनुसंधान परियोजनाएं, प्रयोग और अनुसंधान एवं विकास कार्य

1.6 ध्यान दिए जाने वाले प्रमुख क्षेत्र

संस्थान की चल रही गतिविधियों को निम्नलिखित प्रमुख ध्यान दिए जाने वाले क्षेत्रों में बहु-विषयक दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है:

- सिंचाई जल प्रबंधन
- एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन
- सहभागी सिंचाई प्रबंधन
- मृदा और जल संरक्षण और वाटरशेड प्रबंधन
- कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन
- बहु-फसलीकरण और फसल विविधीकरण
- सिंचाई प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी

1.7 संगठनात्मक प्रबंधन

संस्थान प्रबंधन और कामकाज दो स्तरीय प्रशासन अर्थात शासी निकाय (जीबी) और कार्यकारी परिषद (ईसी) द्वारा शासित होता है। समितियों का गठन कर तकनीकी गतिविधियों की समय-समय पर निगरानी और समीक्षा की जाती है। निदेशक, नेरिवालम शासी निकाय और कार्यकारी परिषद दोनों के लिए सदस्य-सचिव हैं। भूमिकाओं और कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी नीचे दी गई है:

1.7.1 शासी निकाय

शासी निकाय (जीबी) नेरिवालम के लिए नीति तैयार करने और कार्यकारी परिषद को निर्देश देने के लिए जिम्मेदार है। माननीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। शासी निकाय की संरचना का विवरण **अनुलग्नक -1** में दिया गया है।

नेरिवालम के शासी निकाय की पहली बैठक 22 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। अपनी पहली बैठक में, शासी निकाय ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण (एचआरडी-सीबी) स्कीम की ईएफसी के तहत 2017-2020 के लिए नेरिवालम और एसएफसी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) और उप-नियमों को मंजूरी दी। शासी निकाय की दूसरी बैठक 8 नवंबर, 2019 को शिलांग, मेघालय में आयोजित की गई थी। श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय जल शक्ति मंत्री और शासी निकाय, नेरिवालम के अध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न राज्यों/विभागों/संस्थानों के सदस्यों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने नेरिवालम की उपलब्धियों की सराहना की और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित भूमि और जल प्रबंधन के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और सभी प्रयासों में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संस्थान की जनशक्ति को मजबूत करने का सुझाव दिया। ।

1.7.2 कार्यकारी परिषद

कार्यकारी परिषद (ईसी) संस्थान के प्रशासन, वित्त और तकनीकी गतिविधियों की देखरेख करती है और त्वरित विकास सुनिश्चित करती है साथ ही संस्थान की गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा भी करती है। सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष हैं। कार्यकारी परिषद की संरचना का विवरण **अनुलग्नक-2** में दिया गया है। नेरिवालम की कार्यकारी परिषद की वर्चुअल छठी बैठक 6 जनवरी, 2021 को श्री उपेंद्र प्रसाद सिंह, अध्यक्ष कार्यकारी परिषद और सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। परिषद ने नेरिवालम द्वारा किए गए तकनीकी कार्यकलापों के लक्ष्यों, उपलब्धियों, प्रगति के बारे में चर्चा की।

1.7.3 तकनीकी सलाहकार समिति

नेरिवालम के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के अध्याय-**IX** के तहत खंड संख्या 45 में किए गए प्रावधान के अनुसार तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) का गठन किया गया है। इसकी नियुक्ति नेरिवालम की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। निदेशक, नेरिवालम समिति के अध्यक्ष हैं। तकनीकी सलाहकार समिति की संरचना का विवरण **अनुलग्नक-3** में दिया गया है।

सोसाइटी के मिशन और उद्देश्यों की निरंतरता के लिए टीएसी द्वारा संस्थान के प्रशिक्षण मॉड्यूल, शैक्षणिक, अनुसंधान कार्यक्रम और मानव संसाधन विकास की निगरानी की जाती है। समिति की सिफारिशों को आगे के निर्देशों और सुझावों के लिए कार्यकारी परिषद के समक्ष रखा जाता है। टीएसी के कार्यकलापों में से एक वार्षिक/पंचवर्षीय योजनाओं/बाहरी सहायता में शामिल करने के लिए संस्थान द्वारा तैयार की गई प्रत्येक स्कीम की तकनीकी जांच करना और संस्थान के विस्तार प्रस्तावों की जांच करना भी था।

टीएसी की **5**वीं बैठक **29** सितंबर, **2020** को वर्चुअल मोड में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता डॉ.ए.सी.देवनाथ, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम और नेरिवालम के टीएसी के अध्यक्ष ने की। केंद्रीय जल आयोग, गुवाहाटी; राष्ट्रीय जल अकादमी, पुणे; राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की; तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर; ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहाटी; असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, एनईआर, गुवाहाटी और केंद्रीय भूजल बोर्ड, गुवाहाटी के सदस्य/प्रतिनिधि और नेरिवालम के अन्य आमंत्रित संकाय सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। प्रशिक्षणों/सेमिनारों/कार्यशालाओं, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति और उपलब्धि पर प्रेजेन्टेशन, अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ, जल संसाधन प्रबंधन पर एम.टेक पाठ्यक्रम और स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों के लिए इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर सदस्यों की उपस्थिति में उनके सुझावों और सिफारिशों के लिए चर्चा की गई। बैठक में वर्ष **2020-21** के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कैलेंडर और प्रशिक्षण मॉड्यूल पर भी चर्चा की गई। टीएसी ने जल संसाधन प्रबंधन में एम.टेक पाठ्यक्रम की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। पाठ्यक्रम को एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित किया गया था और यह असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी से संबद्ध था। टीएसी की बैठक में एम.टेक पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों के शोध प्रबंध/परियोजना कार्य के लिए संस्थानों की पहचान और उनकी नौकरी की संभावनाओं के बारे में भी चर्चा हुई।

टीएसी की बैठक में पिछली टीएसी बैठकों में की गई कार्रवाई और अनुमोदित तकनीकी कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। शैक्षणिक शुल्क, स्व-वित्तपोषित प्रशिक्षण शुल्क के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नेरिवालम के संकायों-सदस्यों ने बैठक में चर्चा के लिए नए प्रशिक्षण विषयों, प्रशिक्षण मॉड्यूल और अनुसंधान और विकास परियोजना प्रस्तावों पर प्रेजेंटेशन दीं और तकनीकी गतिविधियों में सुधार के लिए सुझाव मांगे। टीएसी की **5**वीं बैठक में टीएसी के कुछ प्रमुख निर्णय थे- प्रशिक्षण कैलेंडर **2020-2021** का अनुमोदन, मांग-आधारित प्रशिक्षण का संचालन, अनुसंधान एवं विकास प्रस्तावों का अनुमोदन, शैक्षणिक शुल्क की स्वीकृति, ऑनलाइन प्रशिक्षण शुल्क, बुनियादी ढांचे और प्रयोगशाला उपकरणों में सुधार और संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र बनाने के लिए अनुशंसा ।

चित्र 1.1 डॉ.ए.सी.देवनाथ, अध्यक्ष टीएसी और निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम टीएसी की 5वीं बैठक को संबोधित करते हुए

चित्र 1.2 सम्मेलन हॉल में वर्चुअल 5वीं टीएसी बैठक में भाग लेने वाले संकायों का एक दृश्य

1.7.4 उपलब्धियों की समीक्षा की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद की उप समिति की बैठक

दिनांक 01.04.2012 से 31.03.2017 की अवधि के लिए संस्थान के कार्य निष्पादन का आकलन करने के लिए नेरिवालम के शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा उपलब्धि समीक्षा समिति (एआरसी) बनाई गई थी। संस्थान के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन 5 वर्षों की अवधि में एक बार किया जाता है। कार्यकारी परिषद की 5वीं बैठक में सिफारिशों पर विचार किया गया। जैसाकि बैठक में निर्णय लिया गया, ब्रह्मपुत्र बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में ईसी की उप-समिति का गठन किया गया था, जिसमें जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के संयुक्त सचिव (प्रशासन), संयुक्त सचिव (वित्त), जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य और निदेशक, नेरिवालम सदस्य सचिव के रूप में शामिल हैं। उप-समिति की बैठक 6 अक्टूबर, 2020 को श्री राजीव यादव, आईएएस (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में वर्चुअल रुप में आयोजित की गई थी। उप-समिति ने नेरिवालम की एआरसी रिपोर्ट की सिफारिशों की व्यवहार्यता की जांच की। बैठक में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने, जल

और भूमि प्रबंधन में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की सेवा के लिए जनशक्ति को मजबूत करने की सिफारिश की गई। इसने बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने के साथ-साथ तकनीकी गतिविधियों, अनुसंधान और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों के विषय में की गई सिफारिशों को स्वीकार करने की भी अनुशंसा की। 6 जनवरी, 2021 को आयोजित ईसी की 6वीं बैठक में की गई कार्रवाई रिपोर्ट का मूल्यांकन किया गया था। इससे नेरिवालम के ईसी को जल और भूमि प्रबंधन संबंधी इस प्रमुख संस्थान के कार्यों में सुधार के लिए उचित निर्णय लेने में मदद मिली।

2. अवसंरचनात्मक सुविधाएं

2.1 प्रस्तावना

संस्थान, असम में तेजपुर शहर के निकट डोलाबाड़ी में विशाल ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर स्थित है। इसे वर्ष 1989 में उत्तर पूर्वी परिषद के तत्वावधान में एक स्वायत्त संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था। परिषद भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है। नेरिवालम परिसर का कुल क्षेत्रफल 08 हेक्टेयर है। परिसर में कर्मचारियों के कार्यालय और आवासीय क्वार्टर शामिल हैं। इसके अपने परिसर में ही पूरी तरह से ढांचागत सुविधाएं हैं। अवसंरचनात्मक सुविधाओं का संक्षिप्त विवरण यहां दिया गया है।

नेरिवालम में तीन मंजिला प्रशासनिक भवन है जिसमें प्रशासनिक और लेखा अनुभाग, दो संकाय ब्लॉक, एक पुस्तकालय, तीन कक्षाएं शामिल हैं। वर्ष 2020-2021 में संस्थान की बढ़ती तकनीकी और शैक्षणिक गतिविधियों को समायोजित करने के लिए एक सभागार का भी उद्घाटन किया गया। मृदा और जल परीक्षण, सिंचाई प्रयोगशाला और अन्य समग्र सुविधा के लिए एक नए प्रयोगशाला भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, संस्थान के परिसर के अंदर निम्नलिखित सुविधाएं भी सृजित की गई हैं।

2.2. प्रशिक्षु छात्रावास

प्रशिक्षु छात्रावास में 20 डबल बेड वाले कमरे, 3 वीआईपी कमरे और 3 डीलक्स कमरे हैं। इसमें एक मीटिंग हॉल, एक वीआईपी लाउंज, एक वीआईपी डाइनिंग रूम और प्रशिक्षुओं के लिए एक डाइनिंग हॉल भी है। बैठक हॉल की क्षमता लगभग 60 सीटों की है जिसमें एयर कंडीशन, एलसीडी प्रोजेक्टर और अन्य ऑडियो-विजुअल व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाएं हैं। छात्रावास की सुविधाएं विशेष रूप से संस्थान के प्रशिक्षुओं और अतिथियों के लिए हैं। कभी-कभी राजस्व उत्पन्न करने के लिए राज्य, केंद्र सरकार के अधिकारियों और आगंतुकों को भुगतान के आधार पर सुविधाएं किराए पर दी जाती हैं। (चित्र 2.1)।

2.3 कक्षा

परिसर में प्रशिक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रशासनिक भवन में तीन सुसज्जित कक्षाएं उपलब्ध हैं (चित्र 2.2)। तीनों कक्षाओं को वर्ष 2019-2020 में आधुनिक तकनीक, जैसे टच स्क्रीन इंटरेक्टिव बोर्ड

और वातानुकूलित सुविधा के साथ अपग्रेड किया गया था। पर्यावरण अनुकूल माहौल देने के लिए कक्षाओं की दीवारों को लकड़ी के फ्रेम के साथ पैनल किया गया था। इन कक्षाओं में 20 से 40 सीटों की क्षमता है।

2.4 मृदा और जल परीक्षण प्रयोगशाला

संस्थान की मृदा और जल परीक्षण प्रयोगशाला में कृषि, पेयजल, अनुसंधान गतिविधियों के उद्देश्य से मृदा और जल मापदंडों का विश्लेषण किया जाता है (चित्र 2.3)। प्रयोगशाला की सुविधा का उपयोग किसान, छात्र, विभिन्न संगठन और शोधकर्ता भी कर सकते हैं। यद्यपि प्रयोगशाला को उन्नत किया गया था और वर्ष 2018-19 में मौजूदा अनुपयोगी प्रयोगशाला उपकरणों का उन्नत किया गया था, वर्ष 2020 में और अधिक उन्नयन किया गया और उन्नत उपकरण लगाए गए। प्रयोगशाला के सीमेंटेड फर्श पर टाइलें बिछाई गई जो इसे साफ, स्वच्छ और सुरक्षित कक्ष बनाती हैं। परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, जल विश्लेषक किट (जल विश्लेषक-371- सिस्ट्रोनिक्स) जैसे उपकरणों को परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (थर्मो आईसीई 3500) और यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (जेनेसिस 10 एस), पीएच मीटर और कंडक्टिविटी मीटर खरीदकर प्रतिस्थापित किया गया है। जल और मृदा गुणवत्ता के परीक्षण के लिए नाइट्रोजन एनालाइजर (केलप्लस), फ्लेम फोटोमीटर (सिस्ट्रोनिक्स) जैसे अन्य उपकरण उपलब्ध हैं। प्रयोगशाला का उपयोग क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आने वाले व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी किया जा रहा है। इसके अलावा, प्रयोगशाला ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में फ्लोराइड और आर्सेनिक की उपस्थिति और सियांग नदी (अरुणाचल प्रदेश) के पानी में एल्यूमीनियम और लौह और ब्रह्मपुत्र नदी में लौह के उच्च स्तर के संदूषण का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हालांकि, प्रयोगशाला को अभी तक प्रत्यायन नहीं मिला है और उपयुक्त एजेंसी से प्रयोगशाला को प्रत्यायन प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान प्रयोगशाला असम टाइप की एक पुरानी इमारत से काम कर रही है जिसकी मियाद पहले ही समाप्त हो चुकी है। इसलिए 2019-2020 में, संस्थान ने वर्तमान प्रयोगशाला को स्थानांतरित करने के लिए एक आरसीसी भवन का निर्माण कार्य शुरू किया है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग, असम सरकार को सौंपा गया है।

2.5 कम्प्यूटेशनल प्रयोगशाला

कम्प्यूटेशनल प्रयोगशाला प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान व्यावहारिक अभ्यास प्रदान करने के उद्देश्य को पूरा करने का कार्य करती है। यह प्रयोगशाला आवश्यक बाह्य उपकरणों जैसे डेस्कटॉप कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि से सुसज्जित है। प्रयोगशाला का उपयोग पाठ प्रसंस्करण, संस्थान के दिन-प्रतिदिन के कार्यों सहित विभिन्न तकनीकी गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने और छपाई के लिए भी किया जाता है (चित्र 2.4)। वैज्ञानिक और तकनीकी

गतिविधियों के लिए बुनियादी सॉफ्टवेयर जैसे आर्क जीआईएस भी उपलब्ध है जिसका उपयोग संस्थान के कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रेक्टिकल के लिए किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) कार्यक्रम के तहत एनआईसी, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई इंटरनेट की सुविधाएं हैं और यह लैन से भी जुड़ा है।

2.6 कृषि-मौसम विज्ञान केन्द्र

कृषि और सिंचाई गतिविधियों की आयोजना के लिए कृषि-मौसम डेटा बेस बनाने के उद्देश्य से वर्ष 1999 में परिसर में कृषि-मौसम विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गई थी। इस प्रकार बनाए गए डेटा बेस का उपयोग सरकारी विभागों/संगठनों, नेरिवालम और अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। वर्तमान में अधिकतम - न्यूनतम तापमान, वर्षा, आर्द्रता, औसत हवा की गति, वाष्पीकरण, मृदा तापमान और धूप घंटे (चित्र 2.5) से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। कृषि-मौसम विज्ञान केंद्र से एकत्र किए गए आंकड़ों से वार्षिक बुलेटिन तैयार किया जाता है।

2.7 सिंचाई प्रयोगशाला

सिंचाई प्रयोगशाला जल उपयोग दक्षता, सिंचाई परियोजनाओं और वाटरशेड परियोजनाओं के मूल्यांकन के संबंध में सर्वेक्षण, जल माप, आदि से संबंधित फील्ड और प्रशिक्षण गतिविधियों का समर्थन करने में सहायक है। करंट मीटर, टोटल स्टेशन, ऑटो लेवल, स्टाफ पार्सियल फ्लूम, कट थ्रोट फ्लूम, डबल रिंग इनफिलट्रोमीटर आदि जैसे उपकरण सिंचाई परियोजनाओं के अध्ययन और जल संसाधनों के सर्वेक्षण के लिए प्रयोगशाला में उपलब्ध हैं।

2.8 अनुसंधान फार्म

1.2 हेक्टेयर क्षेत्र के अनुसंधान फार्म का उपयोग भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में उगाई जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण बागवानी फसलों के उत्पादन, सिंचाई जल की मात्रात्मक माप, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा और जल संरक्षण विधियों और फूलों की खेती के लिए किया गया है। अनुसंधान फार्म में दो उथले नलकूप (एसटीडब्ल्यू) हैं, जिनमें पूरे फार्म की सिंचाई के लिए जल मापण उपकरणों से सुसज्जित लाइन्ड चैनलों की नेटवर्क है (चित्र 2.6)। वर्षा जल संचयन, सौर सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग के माध्यम से मृदा और जल संरक्षण, मल्टीपल क्रॉपिंग वर्मीकम्पोस्टिंग के उत्पादन के लिए वर्मी बेड, ड्रिप सिंचाई प्रणाली आदि के लिए प्रदर्शन संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शन उद्देश्य के रूप में उपयोग करने के लिए अनुसंधान फार्म में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, कृषि यंत्र जैसे ट्रैक्टर, ब्रश कटर, बायो-श्रेडर, पावर टिलर आदि अनुसंधान फार्म में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रदर्शन के साथ-साथ अनुसंधान फार्म में उपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध हैं।

2.9 पुस्तकालय

सिंचाई, जल विज्ञान, वाटरशेड प्रबंधन, मृदा संरक्षण, कृषि और बागवानी विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, दूर संवेदी और जीआईएस, सामाजिक विज्ञान, आदि संबंधी पुस्तकें, जो वैज्ञानिक ज्ञान, सूचना, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने में संदर्भ, शैक्षणिक पाठ्यक्रम, अनुसंधान एवं विकास रिपोर्टों को अद्यतन करने के लिए आवश्यक हैं, पुस्तकालय में उपलब्ध हैं (चित्र 2.7)। यह कार्यालय समय के दौरान सभी प्रशिक्षुओं, कर्मचारियों, नेरिवालम के छात्रों और अन्य लोगों के लिए खुला रहता है। इसमें लगभग 4785 पुस्तकों का संग्रह है, 11 राष्ट्रीय पत्रिकाओं का सबस्क्रिप्सन है और विभिन्न संगठनों द्वारा प्रकाशित जल और भूमि संसाधन प्रबंधन पर विभिन्न रिपोर्ट और पत्रिकाएं उपलब्धि हैं।

2.10 अतिथि गृह (गेस्ट हाउस)

अतिथि और वीआईपी के आवास के लिए संस्थान में एक असम टाइप गेस्ट हाउस है (चित्र 2.8)। इसमें एक सुइट, दो 2 बिस्तर वाले कमरे और टीवी और वातानुकूलन सुविधाओं के साथ एक 3 बिस्तर वाला कमरा है।

2.11 सम्मेलन कक्ष

25 सीटों की क्षमता वाला सम्मेलन कक्ष दीवार के तीन तरफ एलसीडी टीवी से सुसज्जित है ताकि प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया जा सके (चित्र 2.9)। यह पीए सिस्टम और एयर कंडीशनिंग सिस्टम से भी लैस है। सम्मेलन कक्ष संस्थान की बैठकों, सम्मेलनों के आयोजन के लिए एक मंच प्रदान करता है।

2.12 सभागार

परिसर में 250 सीटों की क्षमता वाले एकमात्र सभागार का उद्घाटन वर्ष 2020-2021 में श्री उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया था। सभागार का उपयोग संस्थान की तकनीकी गतिविधियों के लिए किया जाता है। सभागार को अन्य संगठनों और प्राइवेट व्यक्तियों को किराए पर देने के लिए उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव है (चित्र 2.11)।

2.13 जल शोधन संयंत्र और जल एटीएम

चूंकि भूजल में लौह उच्च स्तर पर है, इसलिए संस्थान के साथ-साथ निवासियों की जल आपूर्ति के लिए उचित जल शोधन की आवश्यकता है। संस्थान के परिसर में एक जल शोधन संयंत्र का निर्माण किया गया और अब परिसर में शोधित जल की आपूर्ति की जा रही है (चित्र 2.12)।

संस्थान परिसर में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करता है। चूंकि सुरक्षित पेयजल के सशुल्क उपयोग की अवधारणा है, इसलिए परिसर के अंदर एक वाटर एटीएम स्थापित किया गया था। इस वाटर एटीएम का उपयोग कार्यालय में काम करने वाला कोई भी व्यक्ति, छात्र, प्रशिक्षु या नेरिवालम की दैनिक गतिविधियों में लगे व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। पीने के पानी की कीमत एक रुपये प्रति लीटर है। इसने सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और बाजार से पीने के पानी की खरीद पर होने वाले खर्च को कम करने में मदद की है (चित्र 2.13)।

चित्र 2.1 नेरिवालम का प्रशिक्षु छात्रावास

चित्र 2.2 नेरिवालम के कक्षा कक्ष का दृश्य

चित्र 2.3 मृदा और जल परीक्षण प्रयोगशाला NERIWALM



चित्र 2.4 नेरिवालम की कम्प्यूटेशनल प्रयोगशाला

चित्र 2. 5. नेरिवालम का मौसम विज्ञान स्टेशन

चित्र 2.6 नेरिवालम का अनुसंधान फार्म

चित्र 2. 7. नेरिवालम के पुस्तकालय का दृश्य

चित्र 2.8 नेरिवालम का असम टाइप गेस्ट हाउस

चित्र 2.9 नेरिवालम का सम्मेलन कक्ष



चित्र 2.10 नेरिवालम के संकाय ब्लॉक का दृश्य

चित्र 2. 11. नेरिवालम के सभागार का दृश्य

चित्र 2. 12. जल शोधन संयंत्र

चित्र 2. 13. वाटर एटीएम

चित्र 2. 14. निर्माणाधीन नया प्रयोगशाला भवन

चित्र 2.15. सिंचाई प्रयोगशाला

चित्र 2.16 प्रशासनिक भवन के छत पर सौर पैनल

3. नेरिवालम की महत्वपूर्ण बैठकें

3.1 शासी निकाय की बैठक

वर्ष 2020-21 में तीसरे शासी निकाय को भेजने के लिए एजेंडा प्रस्तुत किया गया था लेकिन माननीय मंत्री जी की व्यस्तता के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। शासी निकाय की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव फिर से मंत्रालय की सहमति के लिए भेजा गया था। नेरिवालम के शासी निकाय की अध्यक्षता माननीय जल शक्ति मंत्री करते हैं। नेरिवालम को उत्तर पूर्वी परिषद से मंत्रालय में स्थानांतरित करने के बाद शासी निकाय द्वारा कई महत्वपूर्ण नीति और दिशानिर्देश तैयार किए गए थे। 22 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित नेरिवालम की पहली शासी निकाय बैठक में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार की मानव संसाधन विकास (एचआरडी) और क्षमता निर्माण स्कीम के ईएफसी के तहत 2017-2020 के लिए नेरिवालम और एसएफसी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और उप-नियमों को मंजूरी दी गई। नेरिवालम की दूसरी शासी निकाय की बैठक 8 नवंबर, 2019 को शिलांग में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय जल शक्ति मंत्री और शासी निकाय, नेरिवालम के अध्यक्ष ने की, इसमें प्रगति को दर्शाती विभिन्न विकास गतिविधियों, उपलब्धि, वार्षिक लेखा परीक्षित लेखों, वार्षिक रिपोर्ट, कार्यकारी परिषद के निर्णय और नेरिवालम की उपलब्धि पर चर्चा, समीक्षा समिति की सिफारिशों का मूल्यांकन और अनुमोदन किया गया। शासी निकाय ने नेरिवालम की उपलब्धियों की सराहना की और प्रत्येक आवंटित समय सीमा में कार्यकलापों को आयोजित करने की सिफारिश की।

3.2 कार्यकारी परिषद की बैठक

नेरिवालम की कार्यकारी परिषद की वर्चुअल 6वीं बैठक 6 जनवरी, 2021 को श्री उपेंद्र प्रसाद सिंह, आईएएस, ईसी के अध्यक्ष और सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। एक दिवसीय बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न सदस्य संगठनों और राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डॉ.ए.सी.देवनाथ, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम और सदस्य सचिव, ईसी ने कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष और अन्य विशिष्ट सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात, अध्यक्ष की अनुमति से, कार्यकारी परिषद की 5वीं बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्रवाई रिपोर्ट और विचार-विमर्श के लिए सूचीबद्ध कार्यसूची मदों को कार्यकारी परिषद के विचारार्थ रखा गया। कार्यसूची में सूचीबद्ध बातों पर बैठक में उपस्थित सदस्यों के साथ चर्चा

की गई और भविष्य की कार्रवाई के लिए रिकार्ड किया गया। ईसी की छठी बैठक के निर्णयों और सिफारिशों का सार निम्नानुसार दिया गया है:

- ईसी ने नेरिवालम के वेतन घटक के लिए "गैर-योजना शीर्ष" की आवश्यकता को नोट किया।
- कार्यकारी परिषद ने मंत्रालय से मास्टर प्लान की जांच कराने का निर्देश दिया,
- कार्यकारी परिषद ने सलाहकारों के लिए नियमानुसार उपयुक्त समझे जाने वाले वेतन/मुआवजे के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए जल संसाधन प्रबंधन, कृषि अध्ययन और सामाजिक विज्ञान में अनुबंध के आधार पर बाहरी डोमेन विशेषज्ञ/सलाहकारों की नियुक्ति की आवश्यकता पर विचार किया। प्रक्रिया के अनुसार इन संविदात्मक पदों के सृजन के लिए नेरिवालम द्वारा मंत्रालय को विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा;
- कार्यकारी परिषद ने नेरिवालम की प्रशिक्षण गतिविधियों को सभी संबंधित विभागों तक विस्तारित करने का निर्देश दिया।
- कार्यकारी परिषद ने नेरिवालम की वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 का अवलोकन किया और टीएसी और निदेशक, नेरिवालम द्वारा की गई कार्रवाई को नोट किया।
- कार्यकारी परिषद ने पीएसी के माध्यम से महिला छात्रावास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसने जेम पोर्टल के माध्यम से 20 लाख की अनुमोदित राशि के भीतर दो वाहनों की खरीद को नोट किया।
- कार्यकारी परिषद ने निर्देश दिया कि नेरिवालम कर्मचारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकता के आकलन के लिए आईएसटीएम, डीओपीटी से संपर्क किया जा सकता है।
- कार्यकारी परिषद ने वित्त वर्ष: 2020-21 के बीई को नोट किया और वित्त वर्ष-2021-22 के लिए 1112 लाख रुपये के बीई का प्रस्ताव दिया।
- कार्यकारी परिषद ने 2019-20 के दौरान नियुक्तियों, सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और एमएसीपी को नोट किया।
- कार्यकारी परिषद ने निर्देश दिया कि नेरिवालम के पुनर्गठन के प्रस्ताव को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।
- कार्यकारी परिषद ने नेरिवालम के संशोधित भर्ती नियमों को भी नोट किया।
- कार्यकारी परिषद ने भर्ती प्रक्रिया नोट किया और तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया।
- कार्यकारी परिषद ने नेरिवालम के शासी निकाय की अगली बैठक में कुलपति, असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी को नेरिवालम के शासी निकाय के सदस्य के रूप में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव चलाने की सिफारिश की।

- ईसी ने नेरीलावम की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में शैक्षणिक रजिस्ट्रार, असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी को शामिल करने को मंजूरी दी

कार्यकारी परिषद ने नीचे दिए गए सुझावों को नोट किया:

- अध्यक्ष ईसी ने नोट किया और विस्तार से बताया कि प्रशिक्षण संस्थान ने महामारी की स्थिति के कारण अपने कार्यक्रम को फिर से तैयार किया हैं। उन्होंने ऑनलाइन प्रशिक्षण के संचालन के लाभ/शक्ति के बारे में भी बताया और अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने का सुझाव दिया।
- एम.टेक पाठ्यक्रम के लिए यह सुझाव दिया गया कि इन-सर्विस अधिकारी के लिए मौजूदा 9 सीटों और नए छात्रों के लिए 9 सीटों के दाखिला अनुपात को बदल दिया जाए और इन-सर्विस अभ्यर्थियों से कम आवेदन आने की स्थिति में नए छात्रों को अधिक समायोजित किया जाए।
- अध्यक्ष ईसी ने निर्देश दिया कि फील्ड दौरों सहित विशिष्ट परियोजनाओं पर ध्यान देने के साथ पीआईएम पर अधिक प्रशिक्षण आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने आयुक्त, सीएडीडब्ल्यूएम और निदेशक, नेरिवालम को उत्तर पूर्व की कुछ पुरानी परियोजनाओं के आधुनिकीकरण पर संयुक्त प्रयास के लिए "सिंचाई आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए समर्थन (एसआईएमपी) " पर चर्चा करने का निर्देश दिया।
- अध्यक्ष ने अगली ईसी बैठक में विचार के लिए सीई, बीबीओ, सीडब्ल्यूसी, गुवाहाटी को ईसी के सदस्य के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का सुझाव दिया।

बैठक का समापन, निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), नेरिवालम और सदस्य सचिव, ईसी द्वारा अध्यक्ष और अन्य सभी प्रतिभागियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

4. वर्ष 2020-21 के दौरान तकनीकी गतिविधियोँ की उपलब्धि

4.1 प्रशिक्षण/कार्यशालाएं

संस्थान की तकनीकी गतिविधियों में प्रशिक्षण/कार्यशालाएं, अनुसंधान और विकास, और आउटरीच गतिविधियां शामिल हैं। वर्ष 2020-2021 में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण कैलेंडर और नेरिवालम की ईसी की छठी बैठक में की गई सिफारिशों के अनुसार किया गया था। अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं क्योंकि ये अन्य संगठनों द्वारा वित्त पोषित हैं। इन गतिविधियों की विस्तृत प्रगति और उपलब्धि इस रिपोर्ट में लिखी गई है।

4.1.1 प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जल और भूमि प्रबंधन के मुद्दों में ग्राहक राज्यों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्थान ने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विषयों और लक्ष्य समूहों को तीन विधियों का उपयोग करके तय किया गया था, अर्थात् (i) प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन (ii) नेरिवालम की बैठकों के सुझाव / निर्णय (iii) किसी विभाग / संगठन / राज्य द्वारा अनुरोध। प्रशिक्षण की आवश्यकता के आकलन के लिए, पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों को प्रश्नावली वितरित की गई थी। एकत्र की गई सभी सूचनाओं का विश्लेषण किया गया और प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करने के लिए संकलित किया गया। यह प्रशिक्षण कलैण्डर जो प्रत्येक वर्ष तैयार किया जाता है, टीएसी बैठक और नेरिवालम की ईसी बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तावित किया गया है। संस्थान ने संबंधित वर्ष के लिए अनुमोदित प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया। अधिकारियों, डब्ल्यूयूए, किसानों, महिलाओं, गैर सरकारी संगठनों और छात्रों जैसे विभिन्न लक्षित समूहों के संबंध में लगभग 30 विषय निर्धारित किए गए। वर्ष 2020-21 के लिए निर्धारित किए गए विषय की सूची नीचे दी गई है:

- वर्षा जल संचयन
- सूक्ष्म सिंचाई
- जल-मौसमविज्ञानीय प्रेक्षण
- सिंचाई परियोजनाओं में जल उपयोग दक्षता
- सिंचाई परियोजना का सर्वेक्षण और डिजाइन
- कमान क्षेत्र में जलजमाव और ड्रेनेज
- सिंचाई नहरों की योजना और डिजाइन
- सिंचित कृषि में जल प्रयोक्ता संघ और जल प्रबंधन
- जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में जल उपयोग दक्षता में सुधार
- सिंचित कृषि के लिए कृषि-मौसम संबंधी डेटा संग्रह
- फूल संस्कृति और बागवानी शो
- मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन
- जल गुणवत्ता की निगरानी
- सूक्ष्म सिंचाई, जल संरक्षण और जल गुणवत्ता
- सिंचाई में दूर संवेदी और जीआईएस अनुप्रयोग
- सौर ऊर्जा ड्रिप किट पर प्रदर्शन
- जल संरक्षण और जल प्रबंधन
- सिंचाई जल प्रबंधन में नेतृत्व विकास
- प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में सामुदायिक मोबिलाइजेशन
- प्रबंधन विकास, वित्तीय प्रबंधन और आरटीआई
- पर्यावरणीय मापदंडों का विश्लेषण-जल विश्लेषण
- पर्यावरणीय मापदंडों का विश्लेषण- मृदा विश्लेषण
- सहभागी सिंचाई प्रबंधन
- नर्सरी की स्थापना और प्रबंधन
- बागवानी फसलों में जल प्रबंधन
- जल क्षेत्र का अवलोकन
- जैविक खेती और जल प्रबंधन
- बहु फसल रोपण और जल प्रबंधन
- कार्यालयी कार्यों में हिन्दी का प्रयोग (राजभाषा हिन्दी)
- बेसिक लर्निंग वर्कशॉप (पीआरए)

4.1.2 **प्रशिक्षण कार्यक्रम**

संस्थान ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण योजना के तहत ईएफसी के अनुमोदन के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। वर्ष 2020-2021 के लिए अनुमोदित समग्र लक्ष्य 65 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का था जिससे 1950 व्यक्ति लाभान्वित होंगे। इस समग्र लक्ष्य को 62 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा प्राप्त किया गया, जिससे 2699 व्यक्तियों को लाभ हुआ। लक्ष्य के अनुरूप कार्यक्रम की उपलब्धि 95 प्रतिशत तथा प्रतिभागियों की उपलब्धि लक्ष्य के अनुसार 138 प्रतिशत है। वर्ष 2020-21 में आयोजित 62 कार्यक्रमों में से 38 कार्यक्रम इन-कैंपस और 24 ऑफ-कैंपस कार्यक्रमों के रूप में आयोजित किए गए। इन-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम डोलाबाड़ी, तेजपुर में अपने परिसर में या तो भौतिक या ऑनलाइन मोड में और ऑफ-कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भौतिक मोड में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण/कार्यशाला की सूची **अनुलग्नक-4** में दी गई है।

4.1.3 प्रशिक्षण कार्यक्रम और लक्ष्य समूह

संस्थान ने एचआरडी और सीबी के तहत ईएफसी में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के हितधारकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया। कुल 62 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से 11 कार्यक्रम अधिकारियों के लिए, 24 किसानों/डब्ल्यूयूए के लिए, 03 महिला समूहों/किसानों के लिए, 01 कार्यक्रम गैर सरकारी संगठनों के लिए, 10 अन्य हितधारकों के लिए और 13 छात्रों के लिए आयोजित किए गए। छात्रों के लिए प्रशिक्षण ई.एफ.सी. में नहीं था, लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के अन्य हिस्सों के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की मांग के कारण, तकनीकी सलाहकार समिति से अनुमोदन लेने के बाद स्व-वित्तपोषित आधार पर छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

इन 62 कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या 2699 थी। विभिन्न लक्षित समूहों के लिए कार्यक्रमों और प्रतिभागियों की संख्या का विवरण तालिका 4.1 में दिया गया है। प्रशिक्षण के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक लक्षित समूह का प्रतिशत भी तालिका में दिया गया है।

तालिका 4.1: वर्ष 2020-2021 के दौरान लक्षित समूहों के लिए आयोजित कार्यक्रमों और प्रतिभागियों की संख्या और प्रतिशत

लक्ष्य समूह	2020-2021			
	कार्यक्रम की संख्या	प्रतिशत (%)	कुल प्रतिभागी	प्रतिशत (%)
अधिकारी	11	17.7	538	20
किसान / डब्ल्यूयूए	24	38.7	1347	50
महिला समूह/किसान	03	4.8	151	5.5
गैर सरकारी संगठनों	01	1.6	38	1.4
हितधारक (अधिकारी/किसान/छात्र/गैर सरकारी संगठन)	10	16.1	0 *	0*
छात्र	13	20.9	625	23.1
कुल	**62**	**100**	**2699**	**100**

*नोट: चूंकि हितधारकों के कार्यक्रमों में अधिकारियों/किसानों/छात्रों/गैर सरकारी संगठनों द्वारा भाग लिया जाता है, इसलिए पुनरावृत्ति से बचने के लिए प्रतिभागियों को पदनाम के अनुसार प्रतिभागियों के कॉलम में शामिल किया जाता है।)



चित्र 4.1 लक्ष्य के अनुसार कार्यक्रम की संख्या group



चित्र 4.2 लक्ष्य समूह के प्रतिभागियों की संख्या

प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए कुल 2699 में से लाभान्वित पुरुष और महिला की संख्या क्रमशः 1810 (67%) और 889 (33%) थी। वर्ष 2017-2018 से 2020-2021 तक महिला भागीदारी की संख्या बढ़ रही है।

तालिका 4.2: प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लैंगिक भागीदारी

लैंगिक भागीदारी	2017-18	2018-9	2019-020	2020-21
पुरुष	1787	1618	1131	1810
महिला	349	632	881	889
कुल	**2136**	**2250**	**2012**	**2699**



चित्र 4. 3. 2017 से 2021 तक लैंगिक भागीदारी का तुलनात्मक ग्राफ

4.1.4 प्रशिक्षण में वर्ग-वार कवरेज

वर्ष 2020-21 के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों का श्रेणीवार कवरेज अनुसूचित जाति (6.6%) में सबसे कम पाया गया। 14 प्रतिशत और 46.6 प्रतिशत क्रमश: अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के थे। वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान प्रतिभागियों का श्रेणीवार प्रतिनिधित्व तालिका 4.3 और चित्र 4.4 में दिया गया है। हालांकि अनुसूचित जाति के लिए प्रतिभागी प्रतिशत वर्ष 2017 से 2021 तक लगभग अपरिवर्तित रहा है, अनुसूचित जनजाति की भागीदारी प्रतिशत में तेजी से कमी आई है। इसके विपरीत, 2020-21 में अन्य पिछड़े वर्ग के प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

तालिका 4.3: वर्ग-वार प्रतिभागी

वर्ग	2020-21		2019-20		2018-19		2017-18	
	संख्या	प्रतिशत (%)	संख्या	प्रतिशत (%)	संख्या	प्रतिशत (%)	संख्या	प्रतिशत (%)
अनुसूचित जाति	179	6.6	105	5.2	134	6	128	6
अनुसूचित जनजाति	377	14	843	41.8	750	33	470	22
अन्य पिछड़ा वर्ग	1259	46.6	563	27.9	610	27	571	27
सामान्य	884	32.7	501	24.9	756	34	967	45
कुल	**2699**	**100**	**2012**	**100**	**2250**	**100**	**2136**	**100**



चित्र 4.4 वर्ष 2017 - 2021 के दौरान प्रशिक्षण में भाग लेने वालों की श्रेणीवार कवरेज का प्रतिशत

4.1.5 राज्यवार भागीदारी

वर्ष 2020-2021 के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य की भागीदारी दर्ज की गई। असम राज्य ने सबसे अधिक भागीदारी दर्ज की। नेरिवालम तेजपुर, असम में स्थित है और पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक आबादी वाला होने के कारण, असम राज्य की क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी है। मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम जैसे राज्यों ने इस वर्ष सबसे कम भागीदारी दर्ज की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के अलावा और भारत के अन्य राज्यों ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। राज्य प्रतिनिधित्व का विवरण तालिका 4.4 में दिया गया है।

तालिका **4.4:** प्रशिक्षण में राज्यवार प्रतिभागी, **2020-2021**

राज्य का नाम	प्रतिभागियों की कुल संख्या
असम	2343

अरुणाचल प्रदेश	28
मणिपुर	35
मेघालय	15
मिजोरम	06
नागालैंड	93
त्रिपुरा	07
सिक्किम	01
अन्य राज्य	171
कुल	**2699**

4.1.6 स्व वित्तपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम

पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के अन्य हिस्सों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अनुरोध पर, संस्थान ने नेरिवालम की तकनीकी सलाहकार समिति से उचित अनुमोदन लेने के बाद बीई/बी.टेक/एम.टेक/स्नातक/अनुसंधान विद्वानों के लिए स्व-वित्तपोषित/इनप्लांट प्रशिक्षण आयोजित किया। इस संबंध में सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए, संस्थान व्यापक क्षेत्र जैसे इंजीनियरिंग (जल और भूमि प्रबंधन के सिविल और कृषि इंजीनियरिंग पहलू), कृषि (जल प्रबंधन और संरक्षण कृषि से संबंधित), सामाजिक विज्ञान (जल से संबंधित), पर्यावरण पैरामीटर का विश्लेषण- मृदा और जल गुणवत्ता विश्लेषण, जीआईएस और रिमोट सेंसिंग और बेसिक कंप्यूटर में इन-प्लांट प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। स्व-वित्तपोषित प्रशिक्षण होने के कारण एक माह के इन-प्लांट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए प्रति छात्र 4000.00 रुपये, 02 सप्ताह के पाठ्यक्रम के लिए 2500 रुपये और 01 सप्ताह के पाठ्यक्रम के लिए 2000 रुपये पाठ्यक्रम शुल्क के रूप में छात्रों से लिए जाते थे। कोविड-19 महामारी के कारण और महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए इन-प्लांट प्रशिक्षण भी ऑनलाइन मोड में आयोजित किए गए थे। ऑन-लाइन इन-प्लांट प्रशिक्षण का शुल्क 3 सप्ताह के लिए 1000 रुपये, प्रति माह या 4 सप्ताह के लिए 1500 रुपये और 2 महीने या 8 सप्ताह के लिए 3000 रुपये है। इस वर्ष बीई/बी.टेक/एम.टेक छात्रों के लिए इन-प्लांट प्रशिक्षण का आयोजन जुलाई, अगस्त, नवंबर और दिसंबर, 2020 के महीने में किया गया था। विभिन्न विश्वविद्यालयों नामतः बिनेश्वर ब्रह्मा इंजीनियरिंग कॉलेज, कोकराझार, असम; तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर, असम; कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, हिसार, हरियाणा; कॉलेज फॉर एग्रीकल्चर एंड पोस्ट हार्वेस्टिंग

टेक्नोलॉजी, सीएयू, गंगटोक द्वारा नामांकित छात्रों ने अपने पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

बीई छात्रों के लिए तीन सप्ताह के पाठ्यक्रम का आयोजन भी ऑन-लाइन मोड में स्ववित्तपोषण पर सामाजिक कार्य के संबंध में ज्ञान देने के लिए किया गया था। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रति छात्र 1000 रुपये शुल्क लेकर सामाजिक कार्य प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

